पिछले 50 साल से लगातार प्रकाशित पुणे का एकमात्र हिंदी दैनिक

आज का आनंद

खुद बदलो ! दुनिया बदल जाएगी...

पुणे, शनिवार, 5 सितंबर 2020, पृष्ठ :16, ₹7

विश्ववती चिकित्सालय का कोरोना वॉरियर्स को रस माधव वटी का निःशुल्क वितरण

शिवाजीनगर, 4 सितंबर (आ.प्र.)

पुणे मनपा के 20 हजार कोरोना वॉरियर्स (सफाई कर्मचारी, वार्ड ऑफिसर एवं अन्य संबंधित मनपा कर्मचारी) को रस माधव वटी का वितरण किया जा रहा है. इस प्रोजेक्ट की शुरुआत महापौर कार्यालय में की गई. सुरक्षाकर्मियों एवं पदाधिकारियों को महापौर मुरलीधर मोहोल के हाथों इस औषधि का वितरण किया गया. यहां संयोजक वैद्य तुषार सौंदाणगर, वैद्य राहुल शेलार, क्विकहिल सीएसआर' हेड अजय शिर्के, वैद्य श्रीकांत काकड़े, वैद्य गिरीश शिर्के, वैद्य अभय जमदग्नि एवं वैद्य विनय सचदेव आदि उपस्थित थे.

श्री आनंदनाथ महाराज सांगवड़ेकर की प्रेरणा से राजवैद्य समीर जमदग्नि के नेतृत्व में 'चला......भारत सशक्त करूया' मुहिम चलाई जा रही है. इस मुहिम के अंतर्गत श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर, कोल्हापुर एवं क्विकहिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्ववधान में यह प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं प्रशासकीय कार्यालयों के माध्यम से सफाई कर्मचारियों, वार्ड अधिकारियों व अन्य मनपा कर्मचारियों को रस माधव वटी का वितरण किया जाएगा. वैद्य तुषार सौंदाणकर ने बताया कि सद्गुरु विश्वनाथ महाराज रुकड़ीकर ट्रस्ट द्वारा माधव रसायन, रस माधव वटी का कई जिलों में वितरण किया गया. डेढ़ लाख से ज्यादा कोरोना वॉरियर्स इससे लाभान्वित हो चुके हैं.